Std.V. Hindi Lang.

विशेषण

प्रश्न 1.विशेषण किसे कहते हैं?

उत्तर-- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं , उन्हें विशेषण कहते हैं । जैसे -- सुंदर बालक , कोमल फूल , चार बच्चे आदि ।यहाँ सुंदर , कोमल तथा चार विशेषण है।

प्रश्न 2.विशेषण के कितने भेद होते हैं? भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर -- विशेषण के चार भेद होते हैं:--

1.गुणवाचक विशेषण

2.संख्यावाचक विशेषण

3. परिमाणवाचक विशेषण

4.संकेतवाचक या सार्वनामिक विशेषण

परिभाषा

1.गुणवाचक विशेषण -- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण , दोष, रंग-रूप , अवस्था आदि का बोध कराते हैं ,उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे -- सुंदर बालक , आलसी व्यक्ति ,पीला फूल , अस्वस्थ औरत आदि। यहाँ सुंदर , आलसी , पीला ,अस्वस्थ गुणवाचक विशेषण है।

2.संख्यावाचक विशेषण -- जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित या अनिश्चित संख्या का पता चले , उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे -- चार बालक , कुछ गायें आदि । यहाँ चार और कुछ संख्यावाचक विशेषण है।

3.परिमाणवाचक विशेषण-- जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा के माप - तौल का बोध कराते हैं , उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे -- एक लीटर दूध , दो किलो मिठाई ,चार मीटर रस्सी,कुछ फल, आदि। यहाँ एक लीटर , दो किलो , चार मीटर ,कुछ, परिमाणवाचक विशेषण हैं।

4.संकेतवाचक या सार्वनामिक विशेषण -- जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उसकी विशेषता बताते हैं , वे संकेतवाचक या सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं ।जैसे -- यह पुस्तक मेरी है। वह लड़का जा रहा है। यहाँ यह और वह संकेतवाचक विशेषण है।

प्रश्न 3. नीचे लिखे वाक्यों से विशेषण शब्दों को चुनकर उनके भेदों के नाम लिखिए।

1) मीठा फल सबको भाता है। -- मीठा-- गुणवाचक विशेषण

2) थोड़ा अनाज लाओ।-- थोड़ा - परिमाणवाचक विशेषण

3) वह घोड़ा मेरा है। -- वह -- संकेतवाचक विशेषण

4)तीन बालक खेल रहे हैं। -- तीन -- संख्यावाचक विशेषण

5) पुस्तक मोटी है ।-- मोटी-- गुणवाचक विशेषण

ङ)यह फूल दो।-- यह-- संकेतवाचक विशेषण

6) सब्ज़ी में बहुत तेल है। -बहुत-- परिमाणवाचक विशेषण

7) कक्षा में दस बच्चे बैठे हैं। -- दस -- संख्यावाचक विशेषण

8) आम खट्टे हैं।--खट्टे-- गुणवाचक विशेषण

9)जानकी अच्छी औरत है।--

अच्छी --गुणवाचक विशेषण

10) काला कुत्ता बैठा है। -- काला -- गुणवाचक विशेषण

11) बालक चतुर है।--चतुर-- गुणवाचक विशेषण

12) कुछ चावल लाओ ।--कुछ-- परिमाणवाचक विशेषण

13) मैदान में कुछ बच्चे खेल रहे हैं ।-- कुछ-- संख्यावाचक विशेषण

14) बाज़ार से दो लीटर दूध लाओ।-- दो लीटर-- परिमाणवाचक विशेषण

15)सुदामा , श्री कृष्ण के प्रिय मित्र थे।-- प्रिय -- गुणवाचक विशेषण